**ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ**
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು–560003.

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD**
Malleshwaram, Bengaluru – 560003.

**2021-22 ಸಾಲಿನ ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ**
**2021-22 MODEL QUESTION PAPER**

**ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ** | **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61-H**
**Subject : THIRD LANGUAGE HINDI** | **Subject Code : 61-H**
**ಅವಧಿ : 3 ಗಂಟೆ** | **ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80**
**Time : 3 hrs.** | **Max. Marks : 80**

**ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ**
**Regular Fresh**

---

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1) इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर- वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न है।

2) यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है। परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं।

3) सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

4) प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

5) प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है।

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं. उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उनके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए –** 8 x 1 = 8

1. **'बड़ा' शब्द का विलोम रूप है –**

   A. मोटा B. छोटा

   C. पतला D. लंबा।

2. **'बहन' शब्द का पुल्लिंग रूप है –**

   A. बेटी B. माँ

   C. श्रीमती D. भाई।

3. **निम्नलिखित में से 'बहुवचन' शब्द है –**

   A. बच्चा B. गली

   C. प्रतियाँ D. केला।

4. **निम्नलिखित में से 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया' रूप है –**

   A. पढ़ाना B. पढ़ाई

   C. अनपढ़ D. पढ़ो।

5. **'माता–पिता' शब्द में समास है –**

   A. द्विगु B. तत्पुरुष

   C. द्वन्द्व D. अव्ययी भाव।

6. **'संग्रहालय' शब्द में संधि है –**

   A. दीर्घ B. गुण

   C. वृद्धि D. यण्।

7. **मेरे पास बहुत ..... पशु-पक्षी हैं।**

   **रिक्त स्थान के लिए सही कारक है –**

   A. ने B. को

   C. में D. से।

8. **अध्यापक कहानी सुनाते हैं।**

   **वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है –**

   A. प्रश्नवाचक B. पूर्ण विराम

   C. अल्प विराम D. अर्ध विराम।

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के संबंध केह्य अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए।**

**4 x 1 = 4**

9. गिल्लू की प्रिय लता : सोनजुही :: गिल्लू का प्रिय खाद्य : ........................

10. स्थानीय ठेकेदार : अहमद जलालुद्दीन :: अखबारों के वितरक : ...........................

11. एवरेस्ट पर चढ़नेवाली पहली महिला : जुंके ताबी ::

    एवरेस्ट पर चढ़नेवाले पहले पुरुष : ..............................

12. बलबीर : बलराम :: जसोदा : ................................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए – 4 x 1 = 4**

13. अब्दुल कलामजी बचपन में किस घर में रहते थे?

14. विजयपुर नगर का प्रमुख आकर्षक स्थान कौन-सा है?

15. तुलसीदासजी के अनुसार मुखिया को कैसा होना चाहिए?

16. समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए।** **8 x 2 = 16**

17. दुकानदार ने लेखक से क्या कहा?

18. वर्माजी को चौंकाने के लिए गिल्लू कहाँ–कहाँ छिप जाता था?

19. कृष्ण बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाना चाहता ?

20. ई–गवर्नेंस से क्या लाभ है?

21. बचेन्द्री का बचपन कैसे बीता?

22. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए?

23. शनि का वायुमण्डल कैसे बना है?

**अथवा**

शनि सौरमंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है। कैसे?

24. संसार के महान व्यक्तियों ने सत्य का सहारा लिया है – सौदाहरण समझाइए।

**अथवा**

शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए :** **9 x 3 = 27**

25. कश्मीरी सेब पाठ का आशय क्या है? स्पष्ट कीजिए।

26. दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है?

27. जैनुलाबदीन नमाज के बारे में क्या कहते हैं?

28. पं. राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए?

29. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है। कैसे?

30. लेखक हरिशंकर परसाईजी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया?

31. कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे सुशोभित है?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

बड़ी कठिनाई से लेखिका ने गिल्लू को थाली के पास बैठना सिखाया। जहाँ बैठकर वह थाली में से एक-एक चावल उठाकर खाता रहता था।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पांच-छः वाक्यों में लिखिए।** **2 x 4 = 8**

34. कर्नाटक के साहित्यकारों ने कन्नड़ साहित्य को समृद्ध बनाया है। कैसे? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

बेंगलूरु विश्व भर में क्यों प्रसिद्ध है? विवरण दीजिए।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए।

असफलता ..............................................................

.........................................................................

.........................................................................

.............................................................. भागो तुम।

**VII. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 4 x 1 = 4**

36. सुभाषचंद्र बोस भारत की स्वतंत्रता के महान् सेनानी थे। अंग्रेज सरकार इनसे बहुत अधिक डरती थी। महात्मा गांधीजी का विनम्र सत्याग्रह उन्हें नहीं भाता था। अत: उन्होंने गांधीजी का साथ छोड़ दिया। इन्हीं दिनों ब्रिटिश युवराज भारत आए। उनके बहिष्कार का आंदोलन चलाने का कारण सुभाष के छ: महीने की जेल मिली। सन् 1922 ई. में बंगाल के बाढ़ पीड़ितों की सेवा उन्होंने तन–मन–धन से की। कलकत्ता कारपोरेशन के मेयर बनकर सुभाष ने आजादी की लड़ाई जारी रखी। इस बीच स्वास्थ्य सुधार हेतु सुभाष स्विटजरलैंड गए। यूरोप में सुभाष ने वैलरा, हिटलर, मुसोलिनी आदि का सहयोग प्राप्त किया। सुभाष भारत को शीघ्र ही स्वतंत्रता दिलाना चाहते थे।

**प्रश्न :**

a) अंग्रेज सरकार सुभाष से क्यों डरती थी?

b) सुभाष ने गांधीजी का साथ क्यों छोड़ दिया?

c) सुभाष को जेल क्यों जाना पड़ा?

d) सुभाष ने बाढ़-पीड़ितों की सेवा कैसे की?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12–15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 x 4 = 4**

37. (क) वन महोत्सव

* वृक्षों का उपयोग
* वृक्षों को बचाने के उपाय
* वन महोत्सव से लाभ
* उपसंहार

(ख) आज की आवश्यकता – इंटरनेट

* इंटरनेट का अर्थ
* इंटरनेट के उपयोग
* इंटरनेट से लाभ
* उपसंहार

(ग) पर्यटन का महत्व

* पर्यटन का अर्थ
* विकास का सूत्रधार
* पर्यटन से लाभ
* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 x 5 = 5**

38. कोई कारण बताते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधान अध्यापकजी के नाम एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिता के नाम एक पत्र लिखिए।